इंदौर । चंदननगर इलाके में पुराने झगड़े में युवकों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। झगड़े में दो लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने दोनों ही पक्षों के खिलाफ केस दर्ज किया है। चंदननगर पुलिस के अनुसार घटना ग्रीन पार्क के पास की है । एक पक्ष से फरियादी रेहान निवासी न्यू लक्ष्मी नगर की शिकायत पर आरोपी कासिम के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है । वहीं दूसरे पक्ष से कासिम की शिकायत पर जावेद को मुलजिम बनाया गया है । दोनों ही पक्षों ने पुलिस को बताया कि उनके बीच पुराने विवाद चल रहे हैं । कल दोनों पक्षों ने एक दूसरे को अपशब्द कहे तो विवाद हो गया। विवाद के चलते एक दूसरे पर चाकू डंडों से हमला किया गया है।

## मकान मालिक के साथ मारपीट

इंदौर । एरोड्रम इलाके में किराएदार पिता-पुत्र के बीच झगड़ा चल रहा था, मकान मालिक वहां पहुंचे और समझाइश दी तो किराएदार उनसे ही विवाद करने लगा उन्होंने मकान खाली करने को कहा तो झगड़ा बढ़ गया। इसके बाद मकान मालिक और किराएदार के बीच जमकर मारपीट हुइ। पुलिस में दोनों ही पक्षों के खिलाफ केस दर्ज किए हैं। एरोड्रम पुलिस के अनुसार फरियादी संजय पिता घनश्याम निवासी अंबिकापुरी की शिकायत पर आरोपी गोपाल अग्रवाल, मोहित और नंदिनी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि आरोपी गोपाल और उसका बेटा आपस में वाद-विवाद कर रहे थे । वह उनके घर में किराए से रहते हैं । वह उन्हें समझाने पहुंचे तो मोहित अपशब्द कहने लगा। फरियादी ने विरोध किया और कहा कि वह घर खाली कर दें, इसी बात को लेकर आरोपी और नाराज हो गए और मारपीट शुरू कर दी। वहीं दूसरे पक्ष से किराएदार मोहित की शिकायत पर मकान मालिक संजय के साथ ही जयेश और मोहन के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है । उसने मकान मालिक पर बेवजह ही अपशब्द कहने और मारपीट करने का आरोप लगाया है।

## एटीएम में तोड़फोड़ ,पैसा नहीं ले जा पाए चोर

**इंदौर** । राऊ इलाके में एक एटीएम को चोरों ने निशाना बनाया। वहां के सीसीटीवी कैमरे भी बदमाशों ने तोड़ दिए। पुलिस अब आसपास के फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश कर रही है। राऊ थाने में फरियादी संकेत चौधरी पिता हुकुम चौधरी निवासी पीथमपुर की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। रंगवासा फाटक के नजदीक एटीएम लगा हुआ है। फरियादी ने बताया कि बीती रात वह अपने साथी गजेंद्र चौधरी और योगेश के साथ एटीएम पर रुपए डालने गए तो देखा कि एटीएम क्षतिग्रस्त था। उसका सीसीटीवी कैमरा भी टूटा हुआ था। संभावना है कि कुछ समय पहले ही अज्ञात बदमाश ने वहां तोड़फोड़ की होगी और बाद में एटीएम से जुड़ी कंपनी की प्रबंधन टीम ने वहां जांच पड़ताल की तो नगदी चोरी नहीं होना मिला। मामले में पुलिस बदमाशों को तलाश रही है।

# होटल संचालक ने खुद को मारी गोली

### सात पन्नों का सुसाइड नोट लिखा, टीवी-दीवार पर दोस्तों के लिए लिखे मैसेज

**नगर प्रतिनिधि**

**इंदौर**। हीरा नगर इलाके में रहने वाले एक होटल संचालक ने गुरुवार दोपहर खुद को गोली मार ली। उसकी मौत हो गई है। सूचना के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची है।

पुलिस के मुताबिक घटना दीनदयाल नगर की है। यहां रहने वाले होटल संचालक आदित्य (30) पुत्र नंदकुमार शर्मा ने पिस्टल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के मुताबिक आदित्य शर्मा ने जिस पिस्टल से आत्महत्या की है,वह अवैध है।इसी पिस्टल से आदित्य ने सुसाइड किया। पुलिस ने कहा कि ये अवैध रूप से आदित्य के पास थी। ये पिस्टल सिकलीगर से खरीदी गई होगी।

प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक होटल व्यवसायी संभवत डिप्रेशन का शिकार थे। उन्होंने घर की दीवार पर ही कई बातें लिखी हैं। पुलिस के मुताबिक उसमें एक संत के नाम का भी जिक्र किया है। उन्होंने भी कुछ समय पहले गोली मारकर जान दी थी। पुलिस अभी मौके पर है। वहीं अपनी मौत का जिम्मेदार भी खुद को बताया है। उसने जान देने के पहले सात पन्नों का सुसाइड नोट भी छोड़ा है। आदित्य ने सात पेज का सुसाइड नोट लिखा है। उसने खुद को सिद्धू



मूसावाला का फैन बताया है। आदित्य ने लिखा कि उसने सात साल पहले ही 30 साल की उम्र होने पर सुसाइड करने का सोच लिया था। आदित्य ने सात पेज का सुसाइड नोट लिखा है। उसने खुद को सिद्धू मूसावाला का फैन बताया है। आदित्य ने लिखा कि उसने सात साल पहले ही 30 साल की उम्र होने पर सुसाइड करने का सोच लिया था।

आदित्य ने सुसाइड से पहले टीवी, दरवाजों सहित दीवारों पर भी मैसेज लिखे हैं। ये मैसेज परिवार और दोस्तों के लिए लिखे हैं। एक मैसेज में उसने लिखा है कि सारे गेट मैंने ही खोले हैं। मेरे मरने की खबर सबसे पहले पुलिस को देना। मेरे किसी सामान को हाथ मत लगाना।

## प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र ने दी जान

प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे स्टूडेंट ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। देर शाम जब उसका भाई कमरे पर पहुंचा तो फंदे पर लटके देखा। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची है। मामले में जांच की जा रही है। भंवरकुआ पुलिस के मुताबिक आनंद नगर में किराये से रहने वाले हर्ष (22) पुत्र राजेन्द्र पाटीदार ने सुसाइड कर लिया। देर शाम भाई यश ने उसे फंदे पर लटके देखा। हर्ष मूल रूप से छपरी खेडा ग्राम राजगढ़ का रहने वाला है। इंदौर में अपने भाई के साथ रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा था। बुधवार को भाई जॉब पर गया जब वापस आया तो उसने फंदे पर लटके देखा। रिश्तेदार ने बताया कि हर्ष के पिता पेशे से किसान हैं। वहीं उनका जूते चप्पल की गांव में शॉप भी है। पुलिस के मुताबिक आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है।

## छात्रा ने भी आत्महत्या

इधर माता पिता के डांटने के चलते महू में रहने वाली एक स्टूडेंट ने बुधवार को जहर खा लिया। उसे उपचार के लिये निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां गुरूवार सुबह उसकी मौत हो गई। राजेन्द्र नगर पुलिस के मुताबिक छात्रा का नाम वैष्णवी पाटीदार है। जो ठऊअ की तैयारी कर रही थी। बताया जाता है कि बुधवार को उसे माता पिता ने किसी बात को लेकर डांट दिया था। इसके बाद कमरे में जाकर उसने आत्महत्या जैसा कदम उठा लिया।

## युवक की खुदकुशी में गर्ल फ्रैंड का रिश्तेदार उलझा

चंदन नगर इलाके में युवक ने जहर खाकर अपनी जान दे दी। वह अपनी महिला मित्र के रिश्तेदार की वजह से परेशान था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का प्रकरण दर्ज किया है।चंदननगर पुलिस के अनुसार करीब ३ माह पहले सुजल पिता राजू बहेलिया निवासी नंदन नगर ने जहर खाकर अपनी जान दे दी थी। मामले में जांच के बाद अब सचिन किरार निवासी गंगानगर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। आरोपी की एक रिश्तेदार युवती से सुजल की दोस्ती थी। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद था, मृतक को इस वजह से परेशान किया जा रहा था। पुलिस ने आरोपी सचिन को हिरासत में ले लिया है।



# जिले में अब तक 766.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**इंदौर** । गुरूवार सुबह साढ़े 8 बजे समाप्त हुये इंदौर जिले में जारी मानसून सत्र में अब तक 766.7 मिलीमीटर (30 इंच से अधिक) औसत वर्षा हो चुकी है। गत वर्ष इस अवधि में जिले में 829.9 मिलीमीटर (साढ़े 32 इंच से अधिक) औसत वर्षा दर्ज की गयी थी।

कलेक्टर कार्यालय की भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस वर्ष अब तक जिले के वषार्मापी केन्द्र इंदौर में 646.5 मिमी., महू में 671 मिमी., सांवेर में 861.2 मिमी., देपालपुर में 1093 मिमी., गौतमपुरा में 695.6 मिमी. और हातोद में 632 मिमी. वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष आज दिनांक तक जिले के वषार्मापी केन्द्र इंदौर में 999.2 मिमी., महू में 734 मिमी., सांवेर में 820.7 मिमी., देपालपुर में 905.5 मिमी., गौतमपुरा में 690.3 मिमी वर्षा दर्ज की गई थी।

## कार सवार दंपति पर हमला, पथराव कर कार फोड़ी

**इंदौर** । विजय नगर में बाइक सवार बदमाशों ने कार सवार दंपति पर पथराव कर उन्हें घायल कर दिया। उनकी कार में भी तोड़फोड़ की है। पुलिस के अनुसार घटना अनुराग नगर गेट नंबर 35 सर्वनाथ चौराहे की है।फरियादी अर्चित मेहता निवासी साकेत नगर ने एक बाइक नंबर के आधार पर दो लड़कों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ अनुराग नगर से जा रहा था, जैसे ही पार्श्वनाथ चौराहे पर पहुंचे बाइक सवार लड़कों ने बेवजह उनकी कार को रोका और मारपीट शुरू कर दी। उनका एक साथी सामने आया और बड़ा सा पत्थर उठाकर कार पर मारने लगा। उन्होंने कार आगे बढ़ाई तो साथियों ने पथराव कर तोड़फोड़ कर दी। फरियादी पुलिस को यह नहीं बता पाए कि उनका किससे और क्या विवाद है।



# गिरते पानी में शहर कांग्रेस ने पदयात्रा निकाली

इंदौर। शहर कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता जौहर मानपुरवाला में प्रेस विज्ञप्ति में बताया की अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी द्वारा भारत जोड़ो यात्रा के 1 वर्ष पूर्ण होने पर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरजीत सिंह चड्ढा के नेतृत्व में विवेकानंद प्रतिमा लाबरिया भेरू से सुभाषचंद्र बोस प्रतिमा बड़ा गणपति तक गिरते पानी में पदयात्रा निकाली। इस अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरजीत सिंह चड्ढा ने कहा कि देश के नेता श्री राहुल गांधी जी नफरत मिटाने के लिए करीब 4000 किलो मीटर की भारत जोड़ो यात्रा यात्रा निकाली। जिसका मुख्य उद्देश्य देश में भाईचारा कायम करना और सभी धर्म को साथ लेकर भारत देश बनाना का था। आज ही के दिन 7 सितंबर को राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक की भारत छोड़ो यात्रा की शुरूआत की इस अवसर पर आज शहर कांग्रेस ने पदयात्रा की।

# तीन घरो को चोरों ने बनाया निशाना

**इंदौर**। हीरानगर इलाके में बदमाशों ने तीन घरों को अपना निशाना बनाया। बदमाश यहां से नकद और आभूषण लेकर फरार हो गए। कॉलोनी में लगे कैमरों में चोर सीसीटीवी कैमरों में कैद हुए है। पुलिस अब आरोपियों की तलाश कर रही है।

घटना श्याम नगर एक्सटेंशन की है। यहां जन्माष्टमी पर पीथमपुर गए परिवार के घर पर चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर यहां से 60 हजार नकदी और सोने चांदी के जेवर ले गए। दूसरी वारदात मिथिलेश उपाध्याय के घर में हुई है बताया जा रहा है कि तीन से चार दिन पहले गमी में शामिल होने परिवार के साथ ग्वालियर गए हैं। परिवार को चोरी के मामले में पड़ोसियों ने कॉल कर जानकारी दी है। वहीं उनके घर के नीचे रहने वाले किराएदार के यहां भी चोर नकदी और जेवर पर हाथ साफ कर फरार हो गए।

## खाटू श्याम मंदिर मालवीय नगर पर किया 151 किलो फलों से बाबा का अनूठा श्रृंगार



इंदौर। एबी रोड मालवीय नगर स्थित खाटू श्याम मंदिर पर जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में आज श्याम बाबा का 151 किलो विभिन्न किस्म के फलों, लाल-हरे सेवफल, रसभरी, माल्टा, काले अंगूर, अनार एवं मौसंबी से अनुपम श्रृंगार किया गया। रात्रि में कान्हा का जन्मोत्सव भी धूमधाम से मनाया गया, जिसमें भजन गायक रवि शर्मा ने अपने भजनों से भक्तों को सम्मोहित बनाए रखा। मदनलाल शर्मा, रामकुमार अग्रवाल, पं.राघव शास्त्री, राजकुमार चितलांगिया, जयप्रकाश इंदौरिया के मार्गदर्शन में मंदिर के रजत मंडित गर्भगृह पर स्वर्ण पालिश से सज्जित सिंहासन पर विराजित श्याम बाबा के दर्शनार्थ भक्तों का तांता देर रात तक लगा रहा। भक्तों की अगवानी मनोज चितलांगिया, अंकुर सुरेका, कमलेश शर्मा, दिनेश शर्मा, ओम शर्मा ने की। मंदिर पर देर रात तक खाटू श्याम बाबा की इस अनुपम छटा को निहारने के लिए भक्तों का मेला जुटा रहा।

**एग्रो फॉस (इंडिया) लिमिटेड**
CIN : L24123MP2002PLC015285
पंजीकृत कार्यालय: M-87, ट्रेड सेंटर, 18, साऊथ तुकोगंज, इन्दौर-452001 (म.प्र.)
फोन: 2529488-89, ई-मेल: cs@agrophos.com, वेबसाइट: www.agrophos.com

**21वीं वार्षिक सामान्य बैठक की सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी के सदस्यों की 21वीं वार्षिक साधारण सभा (ए.जी.एम.) शनिवार, दिनांक 30 सितंबर, 2023 को अपराह्न 12.30 बजे सूर्या होटल, 5/5, सूर्या सर्कल, नाथ मंदिर रोड, साऊथ तुकोगंज, इंदौर-452001 (म.प्र.) पर आयोजित होगी जो उक्त सभा की दिनांक 06 सितम्बर, 2023 को प्रेषित सूचना में दिए अनुसार कार्यवाही संपन्न होगी।

वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट बैठक आयोजित करने वाली सूचना सहित सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक रूप से भेजा गया है जिन्होंने जमाकर्ताओं / कंपनी के साथ अपना ई-मेल पता पंजीकृत किया है, एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट (www.agrophos.com) पर उपलब्ध है और मीटिंग की तारीख तक सभी कार्य दिवसों पर कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में निरीक्षण के लिए भी उपलब्ध है।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 के अनुसार, कंपनी के सदस्यों का रजिस्टर तथा कंपनी का शेयर स्थानान्तरण खाता शनिवार, 23 सितंबर, 2023 से शनिवार, 30 सितंबर, 2023 तक बंद रहेगा।

वार्षिक साधारण सभा में मतदान के साथ, कंपनी अपने सदस्यों को ई-वोटिंग सुविधा भी प्रदान कर रही है। जिसके लिए कंपनी ने NSDL के साथ व्यवस्था की है, ई-वोटिंग की सुविधा बुधवार, 27 सितंबर, 2023 को सुबह 9.00 बजे से शुरू होगी और शुक्रवार, 29 सितंबर, 2023 को सायं 5.00 बजे समाप्त होगी। केवल वे सदस्य ई-वोटिंग का उपयोग कर सकते हैं, जिनके नाम कट-ऑफ की तारीख, शनिवार, 23 सितंबर, 2023 को सदस्यों के रजिस्टर में पंजीकृत होंगे एवं मतदान अधिकार कंपनी की इक्विटी शेयर पूंजी में उनके शेयरों के अनुपात में होंगे।

कंपनी ने मेसर्स नीलेश गुप्ता एंड कंपनी, प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरी को कानून के अनुसार, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से ई-वोटिंग प्रक्रिया के संचालन के लिए स्क्रूटनाइजर के रूप में नियुक्त किया है। कंपनी की वार्षिक आम बैठक में प्रस्तावों को पारित करने के 48 घंटों के भीतर स्क्रूटनाइजर की रिपोर्ट के साथ परिणाम कंपनी की वेबसाइट और एनएसई की वेबसाइट पर डाल दिए जाएंगे।

कृते **एग्रो फॉस (इंडिया) लिमिटेड**
हस्ता./-
**राज कुमार गुप्ता,** प्रबंध निदेशक
DIN No. 00244925

स्थान : **इन्दौर**
दिनांक : **07.09.2023**

**उजास एनर्जी लिमिटेड**
CIN : L31200MP1999PLC013571
पंजीकृत कार्यालय : सर्वे नं. 211/1, सेक्टर सी व मेटलमैन के सामने सांवेर रोड इंडस्ट्रियल एरिया, इन्दौर - 452015 (म.प्र.)
फोन : 0731-4715300 फैक्स : 0731-4715344
ईमेल: cs@ujaas.com वेबसाईट: www.ujaas.com

**24वीं वार्षिक साधारण सभा, दूरस्थ ई-वोटिंग एवं बुक-क्लोजर की सूचना**

**वर्षिक आम बैठक (एजीएम) :** एतद्वारा सूचना दी जाती है कि **उजास एनर्जी लिमिटेड** ("कंपनी") के सदस्यों की चौवीसवीं (24वीं) वार्षिक आम बैठक (एजीएम) **शनिवार, 30 सितंबर, 2023 को शाम 4:30 बजे** कंपनी के पंजीकृत कार्यालय, सर्वे संख्या 211/1, सेक्टर-सी, मेटलमैन के सामने, सांवेर रोड इंडस्ट्रियल एरिया, इंदौर-452015 (म.प्र.) पर आयोजित की जाएगी। एजीएम बुलाने के नोटिस में उल्लिखित व्यवसायों के लेन-देन के लिए। साथ ही, सदस्यों को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि वार्षिक रिपोर्ट 2022-23 के साथ एजीएम की सूचना उन सभी सदस्यों को दिनांक 07 सितंबर 2023 को भेजी जा चुकि है जिनके ई-मेल पते कंपनी/डिपॉजिटरी पार्टीसिपेंस के पास पंजीकृत हैं। सदस्य ध्यान दें कि नोटिस और वार्षिक रिपोर्ट 2022-23 कंपनी की वेबसाइट **www.ujaas.com** स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। बीएसई लिमिटेड **www.bseindi.com** और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड **www.nseindia.com.**

**बुकक्लोजर :** एजीएम के उद्देश्य से सदस्यों का रजिस्टर और कंपनी की शेयर ट्रांसफर बुक 24 सितंबर 2023 से 30 सितंबर 2023 (दोनों दिन शामिल) तक बंद रहेंगी।

**इवोटिंग :** कंपनी अपने सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से वोट देने के अपने अधिकारों का प्रयोग करने की सुविधा प्रदान कर रही है और व्यापार सेंट्रल डिपॉजिटरिस सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड ("सीडीएसएल") के रिमोट ई-वोटिंग सिस्टम के माध्यम से सभी प्रस्तावों पर लेन देन हो सकता है।

**एजीएम बुलाने की सूचना :** सदस्यों के वोटिंग अधिकार कट-ऑफ तारीख यानी 23 सितंबर, 2023 को कंपनी की चुकता शेयर पूंजी में उनके हिस्से के अनुपात में होंगे। सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि :

i. एजीएम की सूचना में निर्धारित व्यवसाय इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान के माध्यम से किया जा सकता है
i.i. रिमोट ई-वोटिंग 27 सितंबर, 2023 (सुबह 9 बजे) से शुरू होगी।
i.ii. रिमोट ई-वोटिंग 29 सितंबर, 2023 (शाम 5.00 बजे) को समाप्त होगी।
vi. इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से या एजीएम में मतदान करने की पात्रता निर्धारित करने की कट-ऑफ तिथि 23 सितंबर, 2023 है
v. कोई भी व्यक्ति जो कंपनी के शेयरों का अधिग्रहण करता है और एजीएम की सूचना के प्रेषण के बाद कंपनी का सदस्य बन जाता है और कट-ऑफ तिथि के अनुसार शेयर रखता है, वह **helpdesk.evoting@cdslindia.com** या **investor@bigshareonline.com** पर अनुरोध भेजकर लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। हालांकि, यदि कोई व्यक्ति पहले से ही ई-वोटिंग के लिए सीडीएसएल के साथ पंजीकृत है, तो मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग वोट डालने के लिए किया जा सकता है।
vi. कोई भी सदस्य ध्यान दें कि :
क) रिमोट ई-वोटिंग मॉड्यूल को सीडीएसएल द्वारा 29 सितंबर, 2023 को शाम 5:00 आईएसटी, बजे के बाद निष्क्रिय कर दिया जाएगा। और एक बार किसी प्रस्ताव पर सदस्य द्वारा वोट डाले जाने के बाद, उसे बाद में इसे बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
ख) बैठक में उपस्थित सदस्यों के लिए एजीएम में मतदान पत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।
ग) जिन सदस्यों ने एजीएम से पहले रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट डाला है, वे भी एजीएम में शामिल हो सकते हैं, लेकिन फिर से वोट डालने के हकदार नहीं होंगे। तथा
घ) केवल वही व्यक्ति जिसका नाम सदस्यों के रजिस्टर में या डिपॉजिटरी द्वारा रखे गए लाभकारी मालिकों के रजिस्टर में दर्ज है, रिमोट ई-वोटिंग प्रक्रिया का उपयोग कर के या एजीएम में बैलेट पेपर का उपयोग करके मतदान करने का हकदार होगा।

यदि आपके पास ई-वोटिंग के संबंध में कोई प्रश्न या समस्या है, तो आप नीचे दिए गए व्यक्ति से संपर्क कर सकते हैं:
नाम : सर्वेश दीवान
पद : कंपनी सचिव
पता: सर्वे नंबर 211/1, ओपी सेक्टर-सी, और मेटलमैन, सांवेर रोड औद्योगिक क्षेत्र, इंदौर (म.प्र.)-452015 ई-मेल आईडी: **cs@ujaas.com** फोन : 0731-4715300

**कृते उजास एनर्जी लिमिटेड**
हस्ते/-
सर्वेश दीवान
कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी
एसीएस नं. ए70139

दिनांक : 07 सितम्बर, 2022
स्थान : इंदौर

C/o/n/v/e/y-Ad

**विनायक ग्रीन्स, ग्राम पालियाहैदर (ग्राम पंचायत क्षेत्र) तहसील हातोद व जिला इन्दौर (म.प्र.) के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई.डब्ल्यू.एस./एल.आई.जी.) हेतु आरक्षित भूखण्ड के आवंटन के संबंध में सूचना**

मध्यप्रदेश पंचायत राज अधिनियम एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 के अन्तर्गत म.प्र. पंचायत नियम 2014 म.प्र. राजपत्र में प्रकाशित दिनांक 24.12.2014 के नियम 15 के प्रावधानों के अन्तर्गत हमारे द्वारा **ग्राम पालियाहैदर, तहसील हातोद व जिला इन्दौर** स्थित भूमि खसरा नं. 18/1 रकबा 0.959 हैक्टेयर में से 0.936 हैक्टेयर, खसरा नं. 18/2 रकबा 0.959 हैक्टेयर, खसरा नं. 18/3/1 रकबा 0.506 हैक्टेयर, खसरा नं. 18/3/2 रकबा 0.506 हैक्टेयर, कुल खसरे 4 कुल रकबा 2.930 हैक्टेयर में से 2.906 हैक्टेयर भूमि पर विकसित कॉलोनी '**विनायक ग्रीन्स**' में समाज के निम्न आय वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग हेतु आवासीय भूखण्ड विक्रय/आवंटन नियम के निर्धारित मापदण्डों के आधार पर किया जाना है। इस हेतु उपरोक्त भूखण्ड के आवंटन/विक्रय हेतु पात्र व्यक्तियों से आवेदन निम्न शर्तों के अधीन आमंत्रित किये जाते हैं।

**- पात्रता की शर्तें -**

(1) आवेदक मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना आवश्यक है (सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी मूल निवासी प्रमाण पत्र)।
(2) आवेदक की वार्षिक आय आर्थिक रूप से कमजोर तथा निम्न आय वर्ग की श्रेणी में होना आवश्यक है (सक्षम राजस्व प्राधिकारी द्वारा जारी वार्षिक आय प्रमाण पत्र)।
(3) भूखण्ड के पंजीयन हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रपत्र एवं शर्त रुपये 1100/- नकद जमा कराकर विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस में निम्न हस्ताक्षरकर्ता कार्यालय से प्राप्त कर जमा किये जा सकेंगे।
(4) कोई भी आवेदन पत्र स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार श्रीमान कलेक्टर महोदय इन्दौर को होगा। इसका कोई कारण नहीं दर्शाया जायेगा।
(5) भूखण्डों का आवंटन लॉटरी के आधार पर किया जायेगा।
(6) आवेदक/आवेदक के परिवार का कोई भवन मध्यप्रदेश में नहीं है। इस आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

**आवेदन जमा करने का स्थान:**
**41, भौंरासला, लवकुश चौराहे के पास, इंदौर (म.प्र.)**
**राघवेन्द्र, मोबाइल: 82692 95171**

MOHINI
Health & Hygiene

**मोहिनी हेल्थ एंड हाइजीन लिमिटेड**
**पंजीकृत एंड कार्पोरेशन कार्यालय** : प्लॉट नंबर 109, सेक्टर 3 औद्योगिक क्षेत्र, पीथमपुर धार (म.प्र.) 454774
सीआईएन L17300MP2009PLC022058
मोबाइल नंबर : +91-7292-426665, 7292-426666
ईमेल : **cs@mohinihealthandhygiene.com**
वेबसाइट : **www.mohinihealthandhygiene.com**

**वार्षिक आम बैठक की सूचना एवं बुक क्लोजर का विवरण**

कम्पनी के सदस्यों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मोहिनी हेल्थ एंड हाइजीन लिमिटेड की 14वीं वार्षिक आम बैठक शनिवार, 30 सितंबर 2023 को दोपहर 3:00 बजे प्लॉट नंबर 109, सेक्टर 3 औद्योगिक क्षेत्र, पीथमपुर धार (म.प्र.) 454774 पर होने वाली है।

वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए वार्षिक रिपोर्ट के साथ-साथ वहां लेन देन किए जाने वाले सामान्य और विशेष व्यवसायों को निर्धारित करने वाले नोटिस को सदस्यों को उनके पंजीकृत ईमेल पते पर भेजा गया है।

वित्तीय वर्ष 2022-23 की वार्षिक रिपोर्ट नोटिस के साथ कंपनी की वेबसाईट पर भी उपलब्ध है

https://mohinihealthandhygiene.com/wpcontent/uploads/MOHINI-Annual-Report-2023.pdf
कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 के प्रावधानों के अनुसार और सेबी (LODR), 2015 की आवश्यकताओं के अनुसार नोटिस आगे दिया गया है। वार्षिक आम बैठक के उद्देश्य से कंपनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक्स शनिवार 23 सितंबर 2023 से शनिवार 30 सितंबर 2023 (दोनों दिन शामिल) तक बंद रहेंगे।

स्थान : पीथमपुर
दिनांक 08-09-2023

वास्ते : मोहिनी हेल्थ एंड हाइजीन लिमिटेड
Sd/-
कंपनी सचिव
अर्निका जैन

**आई टी एल इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय : 111, सेक्टर-बी, सांवेर रोड़, इंडस्ट्रीयल एरिया, इन्दौर-452015
**website:** www.itl.co.in, **ई-मेल** - info@itl.co.in, **फोन नं.** 0731-7104400
CIN - L28939MP1989PLC005037,

**35वीं वार्षिक साधारण सभा, रिमोट ई-वोटिंग एवं बुक क्लोजर की सूचना**

**1. वार्षिक साधारण सभा :-**
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **कम्पनी के सदस्यों की 35वी वार्षिक साधारण सभा (एजीएम) शुक्रवार दिनांक 29 सितम्बर 2023 को दोपहर 12.15 बजे विडियो कांफ्रेसिंग (वी.सी.)/अन्य आडियो विज्युअल माध्यम (ओ ए वी एम) के माध्यम से ए.जी.एम. की सूचना जो कि 6 सितम्बर 2023 को भेजी गई है, में निहित व्यवसायों को स्वीकृत करने के लिये आयोजित की जायेगी।**
इस संबंध में कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ("एमसीए") और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा जारी किए गए कई परिपत्रों के साथ पढ़े जाने वाले कंपनी अधिनियम, 2013 के लागू प्रावधानों के अनुपालन में एजीएम वीसी/ओएवीएम के माध्यम से आयोजित की जाएगी।, एक सामान्य स्थान पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम आयोजित करने की अनुमति। सदस्यों को सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) द्वारा उपलब्ध कराए गए इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफॉर्म के माध्यम से एजीएम में भाग लेने की सुविधा प्रदान की जाएगी।
वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए एजीएम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट की इलेक्ट्रॉनिक प्रतियां उन सभी शेयरधारकों को भेजी जा चुकी है। जिनके ईमेल पते कंपनी/डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ पंजीकृत हैं।
**भौतिक शेयरधारकः** ईमेल पता और बैंक खाता विवरण पंजीकृत करने के लिए कृपया कंपनी और/या कंपनी के रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर एजेंट से संपर्क करें।
**डीमैट शेयरधारकः** कृपया अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (डीपी) से संपर्क करें और अपने डीपी द्वारा सलाह दी गई प्रक्रिया के अनुसार अपना ईमेल पता और बैंक खाता विवरण पंजीकृत करें।
सदस्य ध्यान दें कि 35वीं एजीएम की सूचना और वित्तीय वर्ष 2022-23 की वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट www.itl.co.in और स्टॉक एक्सचेंज यानी बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com पर उपलब्ध होगी। 35वीं एजीएम की सूचना सीडीएसएल www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध होगी।

**2. रिमोट ई वोटिंग जानकारी**
**सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है** कि ए.जी.एम. की सूचना में निर्दिष्ट साधारण तथा विशेष व्यवसायों को इलेक्ट्रानिक माध्यम से निष्पादित किया जायेगा। शुक्रवार, 22 सितम्बर 2023 की कट- ऑफ तिथि को भौतिक रूप या डीमेट में अपने शेयर धारित करने वाले सदस्य ई वोटिंग के माध्यमय से ए. जी.एम. की सूचना में निहित प्रस्तावो इलेक्ट्रानिक रूप से अपना वोट डाल सकते है।
**रिमोट ई-वोटिंग मंगलवार 26 सितम्बर 2023 को सुबह 9 बजे शुरू होगी जो कि गुरूवार 28 सितम्बर 2023 शाम 5 बजे समाप्त होगी** उक्त अवधि के बाद पोर्टल को तुरंत ब्लाक कर दिया जायेगा और रिमोट ई वोटिंग के लिये पोर्टल उपलब्ध नहीं होगा।
ऐसे सदस्य जिन्होंने ए.जी.एम. से पूर्व रिमोर्ट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट दिया है वो सभी सदस्य वीसी / ओएवीएम के माध्यम से ए.जी. एम. में भाग ले सकते है लेकिन उन्हें फिर से ई-वोटिंग करने की अनुमति नहीं होगी।
**मेसर्स आई जी एंड एसोसिएट्स,** कंपनी सचिव, इंदौर, (एम.नं एफसीएस 9955 सीपी 12184) के मालिक **इशा गर्ग** को ए.जी. एम. में रिमोट ई-वोटिंग एवं ई-वोटिंग की पारदर्शी तरीके से समीक्षा के लिये संविक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है।
ऐसे कोई भी सदस्य जो ए.जी.एम. की सूचना के प्रेषण के बाद कंपनी के सदस्य बनते है तथा कट ऑफ तिथि को शेयर धारित करते है वे helpdesk.evoting@cdslindia.com या हमारे शेयर ट्रांसफर एजेंट मैसर्स अंकित कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड, 60, इलेक्ट्रॉनिक कॉम्प्लेक्स, परदेशीपुरा, इंदौर (म.प्र.) 452010. फोनः 0731-4281333, 0731-4065797/99, फैक्स 0731-4065798, ई-मेलः investor@ankitonline.com पर प्रार्थना पत्र भेजकर आईडी तथा पासवर्ड प्राप्त कर सकते है। लेकिन कोई सदस्य ई वोटिंग के लिये सीडीएसएल में पहले से ही पंजीकृत है तो वह मतदान करने के लिये वर्तमान यूजर आईडी तथा पासवर्ड का प्रयोग कर सकते है।

**3. रजिस्टर तथा कंपनी की शेयर अंतरण पुस्तक**
सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि कंपनी के रजिस्टर तथा कंपनी की शेयर अंतरण पुस्तक **शनिवार, 23 सितम्बर 2023 से शुक्रवार 29 सितम्बर 2023** (दोनो दिवस सहित) तक वार्षिक क्लीजिंग तथा 2022-23 के अंतिम लाभांश यदि एजीएम में स्वीकृत होता है, के लिए सदस्यों की अधिकारिता निर्धारित करने के उद्देश्य से बंद की जायेगी। यदि कंपनी इलेक्ट्रानिक सेवा या किसी अन्य माध्यम से बैंक खाते में सीधे सदस्य को लाभाश का भुगतान करने में असमर्थ है। इलेक्ट्रानिक बैंक मेंडेट पंजीकृत न होने के कारण कंपनी ऐसे सदस्यों को लाभांश वारंट/चैकर्स चेक/ डिमाण्ड ड्राफ्ट जल्द से जल्द भेज देगी।
वित्त अधिनियम 2020 के अनुसार सदस्यों के हाथों में लाभांश आयकर योग्य है और कंपनी को निर्धारित दरों पर सदस्यों को भुगतान किये गये लाभांश से स्त्रोत पर कर की कटोती करने की आवश्यकता है। सदस्यों से अनुरोध है कि ये कंपनी या अकित कंसलटेन्सी प्राइवेट लिमिटेड (भौतिक शेयर धारक तथा डिपाजिटरी पार्टिसिपेन्ट (डीमेट शेयर धारक) को अपने पेन (PAN) अपडेट करे और जो आयकर भुगतान करने के लिये उत्तरदायी नहीं है वे 22 सितम्बर 2023 तक **investor@ankitonline.com** या **cs@itl.co.in** पर ई मेल द्वारा स्त्रोत पर कर की गैर कटोती का लाभ प्राप्त करने के लिये फार्म संख्या 15जी/ 15एच मे वार्षिक घोषणा प्रस्तुत करें। यदि पेन (PAN) पंजीकृत नहीं है तो आयकर 20 प्रतिशत की उच्च दर से काटा जायेगा। उपरोक्त सचूना कंपनी के सदस्यों के लाभार्थ और कारपोरेट कार्य मंत्रालय एवं सेबी द्वारा जारी किये गये परिपत्रों के अनुपालन मे जारी की गई है।

**वास्ते आई टी एल इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड**
**ह/- राजेन्द्र जैन**
**मेनेजिंग डायरेक्टर**
**(डीआईएन - 00256515)**

**स्थान : इन्दौर**
**दिनांक : 07.09.2023**